Regarding water pollution issue in Punjab

श्री गुरजीत सिंह औजला (अमृतसर) **:** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । इस समय पंजाब में एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है । यह लोगों के ध्यान में है । इसके लिए वहां संघर्ष किया जा रहा है । वहां पानी की बहुत बुरी हालत है । लुधियाना में बुड्ढा नाला, जो गंदा नाला है और अमृतसर में जो तुंग ढाब ड्रेन है । इन दोनों में कॉर्पोरेशन का पानी, डेयरी का पानी और इंडस्ट्रीज का पानी जाता है, जिससे ये इतने गंदे हो चुके हैं कि उसका कोई ट्रीटमेंट नहीं हो सकता है । अबोहर फाजिल्का के आगे जितना भी एरिया है, मोगा का एरिया है, वहां के सारे लोग कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं । ? (व्यवधान) एक मिनट, यह बहुत गंभीर मुद्दा है । इससे लोग मर रहे हैं ।

मैं सरकार से दरख्वास्त करता हूं, लेकिन सरकार कहती है कि यह स्टेट सब्जेक्ट है । इसके लिए पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड कुछ नहीं कर रहा है । वे सारे रिश्वत लेकर बैठ जाते हैं । न ड्रेनेज विभाग कुछ कर रहा है न कॉर्पोरेशन कुछ कर रहा है और न ही राज्य सरकार कुछ कर रही है । इसके लिए लोग सड़कों पर आते हैं । लोग मर रहे हैं ।

माननीय सभापति**:** आपकी बात आ गई है ।

श्री गुरजीत सिंह औजला **:** सभापति महोदय, मेरी सरकार से दरख्वास्त है कि सरकार एक कमेटी बनाए । वह कमेटी दोनों जगह विजिट करे । सरकार तुंग ढाब ड्रेन और बुड्ढा नाला के लिए एक अच्छा प्रोजेक्ट बनाए और लोगों की हालत पर गौर करे । सरकार लोगों के जान-माल की रक्षा करे । यह सरकार की जिम्मेदारी है । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) **:** सभापति महोदय, मैं दादरा और नागर हवेली लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हूं । दादरा और नागर हवेली एक केंद्र शासित और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है । मेरे प्रदेश में आज भी प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण प्रदेशवासी कई योजनाओं से वंचित हैं, जैसे रास्ता, पानी, घर, युवा रोजगार, स्वास्थ्य, फॉर्मर और शिक्षा क्षेत्र में आज भी लोग कई सुविधाओं से वंचित हैं । इसमें सबसे बड़ी समस्या रास्ते की है । हमारे लोक सभा क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं से बनने वाली सड़कें काफी सालों से लंबित हैं । कई सड़कें तो वर्षों से निर्माणाधीन हैं और बिल्कुल चलने लायक नहीं हैं । आठ सालों से एक रास्ता भी ठीक तरीके से नहीं बना है ।

13.00 hrs

माननीय सभापति **:** आप अपनी डिमांड रखिए ।